## एक नजर में

### गर्मी में जनसेवा की मिसाल : भारत विकास परिषद सुभाष शाखा ने किया दो जल मंदिरों का उद्घाटन




**नीमच।** भीषण गर्मी को देखते हुए भारत विकास परिषद, सुभाष शाखा, नीमच द्वारा जनसेवा के अंतर्गत शहर में दो स्थानों पर जल मंदिरों का शुभारंभ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम के अंतर्गत पहला जल मंदिर बाटा शोरूम, नीमच तथा दूसरा जल मंदिर एच.एम. कोठारी ट्रेवल्स, प्राइवेट बस स्टैंड, नीमच पर प्रारंभ किया गया। दोनों जल मंदिरों का शुभारंभ परिषद परिवार के लाभार्थी परिवारों द्वारा किया गया। बाटा शोरूम स्थित जल मंदिर का शुभारंभ मनीष कुमार‌आशीष कुमार गर्ग परिवार द्वारा तथा एच.एम. कोठारी ट्रेवल्स स्थित जल मंदिर का शुभारंभ दिनेश बैरागी परिवार द्वारा किया गया।इस अवसर पर परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों एवं आमजन को शीतल जल उपलब्ध कराना एक महत्वपूर्ण सेवा है। परिषद का यह प्रयास समाज सेवा की भावना को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल है।कार्यक्रम में परिषद के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही तथा सभी ने इस सेवा कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की।इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष मनीष गर्ग, सचिव प्रमोद मालू, कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, महिला प्रमुख संध्या राठी सहित ललित राठी, सुनील खंडेलवाल, सतीश पाटीदार, अनिल पांडे, अनिल कोठारी, संतोष बंसल, मनीष माहेश्वरी, प्रवीण जैन, पवन रामावत, दिनेश बैरागी, अरविंद ढींगरा, अशोक सिंघल, सुरेश शर्मा उपस्थित रहे।महिला वर्ग से पूनम गर्ग, मीनाक्षी मालू, आशा ढींगरा एवं सीमा बैरागी की विशेष उपस्थिति रही।

### नारद जयंती पर मेरा जीवन मेरे अनुभव 3 मई को

**नीमच।** शहर की अग्रणी साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था कृति द्वारा 3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस एवं नारद जयंती के अवसर पर मेरा जीवन मेरे अनुभव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कृति अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, सचिव रघुनंदन पाराशर व प्रचार सचिव एडवोकेट कृष्णा शर्मा ने बताया कि मेरा जीवन मेरे अनुभव कार्यक्रम 3 मई रविवार की रात 8 बजे एलआईसी रोड स्थित शिक्षक सहकार भवन में आयोजित कार्यक्रम में पत्रिका के ब्यूरोचीफ मुकेश सहारिया और पत्रकार कपिलसिंह चौहान अपने पत्रकारीय जीवन के अनुभव साझा करेंगे। कृति परिवार के सदस्यों ने शहर के नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर सहभागी बनने की अपील की है।

### दो पीड़ित परिवार को आठ लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत...

**नीमच।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उपखण्ड मनासा श्रीमती किरण आंजना ने राजस्?व पुस्?तक परिपत्र भाग 6(4) के तहत दो पीड़ित परिवार को कुएं में गिरने से मृत्?यु हो जाने पर 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। एसडीएम मनासा द्वारा कनावटी निवासी मिथुन पिता मोखमलाल पारदी की 14 जून 2025 को कुएं में गिरने से मृत्?यु हो जाने पर मृतक के वारिस भाई प्रकाश, तुलसीराम पिता मोखमलाल पारदी एवं बहन अरनोदाबाई, निशा पिता मोखमलाल पारदी को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्?वीकृत की गई है। इसी तरह सोजावास निवासी जुवानसिह पिता नाथुसिह सौंधिया की कुएं में गिरने से मृत्?यु हो जाने पर मृतक के वारिस पुत्र पदमसिह पिता जुवानसिह, पुत्री तुलसीबाई पिता जुवानसिह को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्?वीकृत की गई है। तहसीलदार मनासा द्वारा आर्थिक सहायता का प्रकरण तैयार कर स्?वीकृति के लिए एसडीएम मनासा को प्रस्?तुत किया गये थे।

### जमीनी विवाद को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई को चाकू घोंपकर उतारा मौत के घाट...



**नीमच।** जिले के अंतर्गत जीरन थाना क्षेत्र अंतर्गत पावड़ा खुर्द गांव में जमीन और पारिवारिक विवाद को लेकर भाई बना भाई का जानी दुश्मन।भाई ने भाई के रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। जमीन के विवाद में एक सगे भाई ने अपने पुत्र के साथ मिलकर अपने ही भाई की चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी और दहशत फैल गई।मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान भेरूलाल मीणा उम्र (28) पिता कचरूलाल मीणा के रूप में हुई है। बुधवार रात करीब 10.30 बजे घर पर ही जमीन के बंटवारे को लेकर भेरूलाल और उसके भाई नारूलाल के बीच विवाद हो गया। विवाद गाली-गलौज और झूमा झटकी होते-होते इतना बढ़ गया कि मामला खूनी संघर्ष में बदल गया। गुस्से में आकर नारूलाल ने अपने पुत्र सूरजमल के साथ मिलकर छोटे भाई भेरुलाल को चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज हेतु नीमच जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।बताया जा रहा है कि दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से जमीन के बंटवारे को लेकर तनाव चल रहा था, जिसमें अधिक हिस्सेदारी को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई थी। तभी से बड़ा भाई छोटे भाई के खून का प्यासा हो गया था। विवाद में घटना के दौरान आरोपी नारूलाल भी घायल हुआ है, जिसका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस सहायता केंद्र चीताखेड़ा चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह सिसौदिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को राउंडअप कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103 बीएन एस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इधर मृतक भेरूलाल अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बच्चों को छोड़ गया।इस हृदय विदारक घटना के बाद परिवार में मातम छा हुआ है। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मृतक भेरूलाल मीणा का जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया।

### झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से एक और व्यक्ति की मौत




**भानपुरा।** भानपुरा तहसील के ग्राम पंचायत संधारा में मृतक के परिवार वाले ने भानपुरा थाने में आवेदन देकर अवगत कराया है कि मृतक हरीश जो कि अपने ही खेत पर कार्य कर रहा था तभी मधुमक्खियां द्वारा उसे पर हमला किया गया इसके इलाज के लिए वह संधारा ग्राम के पाटीदार हॉस्पिटल मैं इलाज के लिए गए थे वहां पर डॉक्टर द्वारा उन्हें गलत इंजेक्शन लगाया गया जिसे उनके कूल्हे पर गठन होकर काले निशान पड़ जाने के कारण शरीर में जहर फैल गया था उसके बाद जब हमने उनको बताया तो उन्होंने बोला तुम इनको नजदीक भुवानी मंडी अस्पताल ले जाओ जब भवानी मंडी अस्पताल ले जाया गया तो वहां से उन्हें झालावाड़ रेफर कर दिया गया झालावाड़ जाते समय रास्ते में हरीश की मृत्यु हो गई आकरोर्षित परिवार मृतक की लाश को लेकर भानपुरा थाने पहुंचकर मर्ग कायम कर कर बॉडी का पोस्टमार्टम कर दाग संस्कार किया मृतक के परिवार का कहना है कि इस पूरे क्षेत्र में सबसे अधिक झोलाछाप डॉक्टर है जो बेधड़क मजदूर वह किसान की जान से खेल रहे हैं शासन प्रशासन उन पर कोई भी कार्यवाही नहीं करता है और इस प्रकार के जब कैस बिगड़ते हैं तो ले देकर सेटलमेंट के अलावा और कोई कार्रवाई नहीं होती अस्पताल स्थित बद्री पाटीदार से फोन के माध्यम से96 1734 3281 पर चर्चा की तो उनका फोन बंद आया भानपुरा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर गौरव देवश्री से जब इस विषय पर चर्चा की तो उन्होंने बताया मेरे संज्ञान में मामला आया है अभी जांच चल रही है मृतक का लड़का रोहित वह मृतक के चचेरे भाई तेज सिंह ने शासन प्रशासन को उचित कार्रवाई वह मुआवजे की मांग की है ऐसे कई मामले मंदसौर क्षेत्र में दिन प्रतिदिन आते हैं पर कार्रवाई नहीं होती है क्या जनता इसी प्रकार इन झोलाछाप डॉक्टरों के चक्कर में अपनी जान गावती रहेगी एक तरफ तो प्रधानमंत्री द्वारा पांच-पांच लाख रुपए के फी में इलाज आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत देते हैं और वही झोलाछाप डॉक्टर इस प्रकार जान से खेल रहे हैं यह एक विचारणीय विषय है।

## नीमच में 3 मई को नीट की परीक्षा, कलेक्टर ने परखीं तैयारियां

- पुख्ता इंतजामों के दिए निर्देश, दो केंद्रों पर होगी परीक्षा
- सीसीटीवी-बायोमेट्रिक निगरानी के साथ होगी परीक्षा



**नीमच। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 3 मई को नीमच जिले के दो केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा को सुचारू एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।**

कलेक्टर ने किया केंद्रों का निरीक्षण- कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने शासकीय पी.जी. कॉलेज नीमच एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय नीमच स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने दोनों केंद्र प्रभारियों को सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए।परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश पृथक व्यवस्था, केंद्र पर महिला एवं पुरुष परीक्षार्थियों के प्रवेश की पृथक-पृथक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

महिला परीक्षार्थियों की सम्मानजनक फ्रिस्किंग एवं मोबाइल आदि सामग्री रखने की पुख्ता व्यवस्था हो। फ्रिस्किंग प्रक्रिया महिला एवं पुरुष कर्मचारी द्वारा पृथक-पृथक की जाएगी। इसके साथ ही सभी परीक्षा कक्षों में सी.सी.टी.व्ही., पर्याप्त प्रकाश, पंखे व कूलर की व्यवस्था हो। पेयजल की उत्तम व्यवस्था एवं आपात प्रकाश के लिए जनरेटर सेट उपलब्ध रहे। बैठक व्यवस्था- प्रत्येक परीक्षार्थी के लिए एक कुर्सी-टेबल की व्यवस्था हो। एक टेबल पर एक ही परीक्षार्थी बैठकर परीक्षा दे, यह सुनिश्चित किया जाए।सुरक्षा व्यवस्था- केंद्रों पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, लाइव सीसीटीवी निगरानी एवं एचएचएमडी के माध्यम से तलाशी की व्यवस्था की गई है। थ्री-लेयर सुरक्षा लागू रहेगी। कलेक्टर ने जाजू कॉलेज केंद्र पर परीक्षा कक्षों में अतिरिक्त ट्यूब लाइट लगवाकर प्रकाश व्यवस्था और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने दोनों केंद्रों पर एक-एक कक्ष में जाकर बैठक व्यवस्था का भी अवलोकन किया. जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से समय पर केंद्र पहुंचने तथा परीक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है। निरीक्षण के दौरान एडीएम बी.एस.कलेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया, डिप्टी कलेक्टर चंद्रसिंह धार्वे सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



## 50 क्विंटल से ज्यादा डोडाचूरा की बड़ी खेप पकड़ी

- नशीले पदार्थों के खिलाफ नारकोटिक्स ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई

**नीमच। नशीले पदार्थों के खिलाफ चल रही सख्त कार्रवाई के तहत सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स (सीबीएन) नीमच ने 50 क्विंटल से अधिक डोडाचूरा की बड़ी खेप पकड़ने में सफलता हासिल की है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि उपयोग में लिया गया कंटेनर ट्रक भी जब्त कर लिया गया।**

सीबीएन मध्यप्रदेश इकाई को मिली गुप्त सूचना के आधार पर 29 अप्रैल को आगरा-भरतपुर हाईवे पर सेवर (भरतपुर) स्थित कदमकुंज रिसोर्ट के पास एक संदिग्ध टाटा कंटेनर ट्रक को रोका गया। तलाशी लेने पर ट्रक में छिपाकर रखी गई 252 बोरियों से कुल 5096.11 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। जांच में सामने आया कि हरियाणा नंबर का यह ट्रक झारखंड क्षेत्र से मारवाड़ की ओर अवैध मादक पदार्थ लेकर जा रहा था। सूचना मिलते ही सीबीएन नीमच की टीम ने निगरानी बढ़ाते हुए संदिग्ध वाहन को चिन्हित कर इंटरसेप्ट किया और चालक को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने ट्रक में डोडाचूरा छिपाकर ले जाने की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए मादक पदार्थ और वाहन को जब्त कर आरोपी को एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

## नीमच में हेलमेट चेकिंग को लेकर अभियान

- 109 चालान, 5 चालकों के लाइसेंस निरस्त

**नीमच। सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले में 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत हेलमेट नहीं पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।**

पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के निर्देशन में यातायात थाना प्रभारी सोनू बडगुर्जर एवं उनकी टीम द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है।अभियान के दौरान बिना हेलमेट पाए गए चालकों के खिलाफ 109 चालान बनाए गए और 15,300 रुपए समन शुल्क वसूला गया। वहीं, पांच मोटरसाइकिल चालकों के लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई भी की गई, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना था। इसके अलावा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ करीब 90 चालान बनाकर 62,900 रुपए का समन शुल्क वसूला गया।

> पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से अपील की है कि सभी दोपहिया वाहन चालक हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोका जा सके। अक्सर देखा गया है कि दुर्घटनाओं में सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मौत होती है, जिसका मुख्य कारण हेलमेट का उपयोग न करना है।यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत शहर में पम्पलेट वितरित किए गए एवं मोबाइल पीए सिस्टम के माध्यम से आमजन को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया गया।

## कराते चैंपियनशिप : नीमच ने 16 मेडल जीतकर बढ़ाया गौरव

- खिलाड़ियों ने झटके 4 गोल्ड, 4 रजत, 8 कांस्य पदक, धार जिले के जेतपुरा में आयोजित हुई राज्यस्तरीय प्रतियोगिता



**नीमच। भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र, कराते एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त एमेच्योर कराते एसोसिएशन एमपी के तत्वाधान में कराते डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन जिला धार द्वारा कराते खेल में प्रतिभा निखार व प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से अहमदाबाद रोड स्थित जैतपुरा (धार) में मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय कराते चैंपियनशिप 2026-27 प्रतियोगिता का 2 दिवसीय आयोजन 25 व26 अप्रैल को किया गया। इसमें 400 से अधिक प्रदेश के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।**

इस चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए16 पदक जीतकर नीमच जिले के खिलाड़ियों ने क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।टीम मैनेजर मीरा थापा ने बताया कि प्रतियोगिता के आदि वर्गों में खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एमेच्योर एमपी के अध्यक्ष शिहान जयदेव शर्मा, जनरल सेक्रेटरी विक्रम पुरस्कार से सम्मानित सेन्साई परितोष शर्मा ने नीमच जिले का संमबधता एफीलेशन सर्टिफिकेट जिला सचिव मीरा थापा थर्ड डान ब्लैक बेल्ट को सोपा। उपाध्यक्ष विनोद सहरा दीपक थापा डॉक्टर योगेंद्र धाकड़ ने संयुक्त रूप से कहा कि खिलाड़ियों का परिश्रम और पुरुषार्थ से ही यह मेडल नीमच जिले में खेल के क्षेत्र में की एक उपलब्धि है।

इस अवसर पर सबजूनियर, युवा, केडेट टीम, जूनियर टीम अंडर 21, सीनियर टीम आदि वर्ग की प्रतियोगिताएं में संघर्षमय रोमांचक खेल मुकाबलों भी देखने को मिले। जिसमें नीमच जिले के 20 खिलाड़ियों ने भाग लिया और 4 स्वर्ण 4 रजत और 8 कांस्य पदक जीतकर नीमच जिले का क्षेत्र में गौरव बढ़ाया। मध्य प्रदेश कराते एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष समाजसेवी अशोक अरोरा द्वारा सभी खिलाड़ियों को नीमच आगमन पर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। टीम कोच संस्कार शर्मा व परिधि परदेशी सहित 20 खिलाड़ियों ने नीमच जिले का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें पाल माही विनोद कुमार ने 1 रजत और 1कांस्य,अनग्धा डॉ योगेश धाकड़ 2 स्वर्ण, जिसा राहुल गुप्ता 1 कांस्य , के साधना के कुमार 1 कांस्य ,परिधि प्रकाश परदेसी, 1 कांस्य, दिव्यांश विनोद सहरा 1 स्वर्ण , 1 रजत , जैक्स गोविंद सिंह 1, स्वर्ण 1 रजत ,हर्षित कुमार 1 कांस्य, हार्दिक देवेन्द्र नरवर 1कांस्य, आरिफ इमरान खान 1 कांस्य ,आर्यन आरके जोशी 1 सिल्वर, 1 कांस्य कुल 16 पदक जीत कर कराते खेल प्रतियोगिता में जिले और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।

## जनगणना का दूसरा चरण आज से होगा शुरू

- एचएलओ एप से करें एंट्री, वीसी में दिए निर्देश



**नीमच। जनगणना कार्य के आगामी चरण की तैयारियों को लेकर गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनगणना निदेशक मध्य प्रदेश संजीव श्रीवास्तव द्वारा प्रदेश के सभी चार्ज अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई।**

बैठक में 1 मई से प्रारंभ होने वाले जनगणना कार्य के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए गए। वी.सी. में दिए गए मुख्य निर्देश- एप से एंट्री प्रारंभ- सभी प्रगणक 1 मई से जनगणना के सही एच.एल.ओ. एप को डाउनलोड कर मकानों की एंट्री प्रारंभ करें।डाटा सिंक का कार्य- सभी जनगणना पर्यवेक्षक 5 मई तक डाटा सिंक करने का कार्य प्रारंभ करें।समयबद्ध लक्ष्य- प्रगणकों को 5 मई तक 10 प्रतिशत एवं 10 मई तक 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण करना अनिवार्य है।पोर्टल लॉगिन- सभी चार्ज अधिकारी जनगणना पोर्टल पर स्वयं लॉगिन कर व्यवस्थाओं को अच्छी तरह देख लें। एप लॉगिन संबंधी समस्याओं का समाधान चार्ज स्तर पर ही किया जाएगा।

क्षेत्र भ्रमण- सभी चार्ज अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में जनगणना कार्य के दौरान समय-समय पर भ्रमण कर जायजा लेने के निर्देश दिए गए।सेल्फ एन्यूमरेशन की प्रगति- वी.सी. में बताया गया कि प्रदेश में सेल्फ एन्यूमरेशन का कार्य सराहनीय रहा है। अब तक 5.80 लाख से अधिक सेल्फ एन्यूमरेशन फॉर्म भरे जा चुके हैं। शत-प्रतिशत सेल्फ एन्यूमरेशन कार्य पूर्ण कराने वाले प्रगणकों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित भी किया जाएगा। अवकाश संबंधी निर्देश-कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने निर्देशित किया कि प्रगणक व सुपरवाईजरों का अवकाश संबंधित चार्ज अधिकारियों द्वारा ही स्वीकृत किया जाएगा, चाहे वे किसी भी विभाग के हों। चार्ज अधिकारियों का अवकाश जनगणना अवधि में कलेक्टर कार्यालय द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। वी.सी. में उपस्थित अधिकारी- इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, एडीएम बी.एस. कलेश, जिला जनगणना अधिकारी पराग जैन सहित सभी एसडीएम एवं चार्ज अधिकारी उपस्थित थे।

## राशन में गड़बड़ी पर प्रशासन सख्त, दो दुकानों पर 3 .80 लाख का जुर्माना


**नीमच।शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण में अनियमितता बरतने पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नीमच संजीव साहू के न्यायालय द्वारा दो दुकानों पर कुल 3,80,383/- रुपये के जुर्माने की वसूली के आदेश पारित किए गए हैं।**

कार्रवाई का विवरण- अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संजीव साहू के निर्देशन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नीमच द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान घसुण्डी जागीर एवं उचित मूल्य दुकान घसुण्डी बामनी के विक्रेताओं द्वारा राशन वितरण में अनियमितता किए जाने पर जांच की गई। जांच में राशन का स्टॉक कम पाया गया, जिसके आधार पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

अधिरोपित अर्थदण्ड- न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नीमच द्वारा 3.80लाख रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया- उचित मूल्य दुकान घसुण्डी जागीर पर 3,50,485/- रुपये उचित मूल्य दुकान घसुण्डी बामनी पर 29,898/- रुपये कुल जुर्माना राशि- 3,80,383/- रुपये अधिरोपित किया है। कलेक?टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बताया, कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गरीबों के राशन में कटौती करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई जारी रहेगी। सभी उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं को नियमानुसार एवं पूर्ण मात्रा में राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**एक नजर** केंद्रों पर तोल कांटे और हम्माल बढ़ाने के निर्देश, जीरन मंडी में लहसुन किसानों की समस्याएं सुनीं, कृषि वैज्ञानिकों से कराएंगे समाधान

## कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



**नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने गुरुवार को किसान की सुविधा सर्वोपरि के संकल्प के साथ जिले के गेहूं उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।**

उपार्जन केंद्रों पर किसानों से सीधा संवाद- कलेक्टर ने हरखियाखाल चौराहे के समीप वेदान्ता वेयर हाउस स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र चल्दू एवं कृषि उपज मण्डी जीरन में स्थापित दो केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ खड़े किसानों से चर्चा कर गेहूं तोल में लगने वाले समय, छाया-पेयजल, बारदाना, हम्मालों की उपलब्धता एवं भुगतान व्यवस्था की बारीकी से जानकारी ली। कलेक्टर ने स्वयं उपार्जित गेहूं की गुणवत्ता भी परखी। किसानों के हित में बड़े निर्देश- सुविधा में तत्काल वृद्धि- सभी उपार्जन केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटों और हम्मालों की संख्या तत्काल बढ़ाने के निर्देश दिए। त्वरित भुगतान- भुगतान में आ रही समस्याओं का वेयर हाउस व खाद्य विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही समाधान करने के निर्देश।

सुचारू परिवहन- उपार्जित गेहूं के भण्डारण एवं परिवहन की त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। लहसुन किसानों से मंडी में सीधा संवाद- कलेक्टर श्री चंद्रा जीरन मण्डी के लहसुन शेड पहुंचे और राजस्थान से आए किसान बजेराम सहित अन्य लहसुन उत्पादकों से चर्चा कर उपज की गुणवत्ता व भाव जाने। किसानों द्वारा लहसुन की क्वालिटी खराब होने की समस्या बताने पर कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से समस्या का समाधान कराया जाएगा तथा रोग निवारण हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मण्डी सचिव को लहसुन उत्पादक किसानों की संगोष्ठी आयोजित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी- डिप्टी कलेक्टर पराग जैन, सुश्री श्रुति भयड़िया, सहायक आयुक्त सहकारिता राजू डाबर, जि.के.स.बैंक के आर.पी.नागदा, जिला आपूर्ति अधिकारी आर.एन.दिवाकर, मण्डी सचिव उमेश बसेर?या, जीरन मण्डी प्रभारी अनिल सिंह परिहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।